**खबर संक्षेप**

## शहर में अतिक्रमण के खिलाफ की कार्रवाई

**तरावड़ी।** शहर में अतिक्रमण की समस्या को आमजन काफी परेशान है इसकी वजह से हमेशा बाजारों जाम की समस्या बनी रहती है। नगरपालिका के ढुलमुल रवैये से दुकानदारों ने हद ज्यादा अपने की सजावट कर रखी थी। आज तक बाजार में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई कर पाई है नतीजा बाजार में दुकानदार अपनी मनमर्जी करते हैं और जिस कारण से मुख्य बाजार हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार समाचारों के माध्यम से शहर की प्रमुख जाम की समस्या को प्रकाशित भी किया गया। जिसके बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया और नगर पालिका की टीम ने नडाना रोड, सौंकड़ा रोड व मेंन बाजार करनाली गेट में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर दुकानदारों का सामान उठाकर ट्राली में लोड किया।

## तरावड़ी बिजली विभाग का जेई सस्पेंड

**तरावड़ी ।** तरावड़ी बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा जे ई को सस्पेंड करने पर बिजली कार्यालय के समक्ष रोष प्रदर्शन किया। तरावड़ी बिजली विभाग में कार्यरत जेई विक्रम राणा को सस्पेंड करने के मामले में बिजली विभाग तरावड़ी के कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर रोष जाहिर किया। उन्होंने कर्मचारी को बहाल करने की मांग की। उन्होंने बताया कि जेई के सस्पेंड करने को लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। जिसकी अध्यक्षता करनाल यूनिट के वरिष्ठ उप प्रधान दिलबाग सिंह ने की। संचालन यूनिट सचिव राजेश वर्मा ने किया। मिटिंग में निगम प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई।

## निःशुल्क मेडिकल कैंप में जांची मरीजों की सेहत

**तरावड़ी।** स्वः लाला सतपाल गोयल की पुण्यतिथि पर रविवार को निशुल्क मैडीकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे अमृतधारा अस्पताल के सहयोग व भारत विकास परिषद के द्वारा मेगा हृदय रोग व जनरल हैल्थ चैकअप कैंप प्रातः 9 बजे मानव सेवा दल आंखों के अस्पताल मे लगाया जा रहा है। भारत विकास परिषद के उपप्रधान अमित आश्री व सचिव राकेश हंस ने पत्रकार वार्ता मे बताया कि हर साल की तरह इस बार भी स्वः लाला सतपाल गोयल की पुण्यतिथि पर मैडीकल कैंप लगाया जा रहा है। जिसमे अमृतधारा अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डा. शिवांक गुप्ता लोगों का चैकअप करेंगें। इस कैंप में सभी प्रकार का चैकअप व टैस्ट निशुल्क किये जाएंगे।

## हरियाणा सरकार हर मोर्चे पर विफल

**करनाल।** पूर्व विधायक करनाल सुमिता सिंह ने गांव पुंडरक में घर घर जा कर 15 जुलाई को दिन सोमवार दोपहर 3:30 बजे कांग्रेस पार्टी द्वारा 'हरियाणा मांगे हिसाब' में शामिल होने का न्योता दिया उन्होंने बताया कि अभियान के तहत मौजूदा सरकार भारतीय जनता पार्टी के पिछले 10 सालों के किए गए कार्यो की विफलता को उजागर करने के लिए रोहतक से नवनियुक्त सांसद आदरणीय दीपेंद्र हुड्डा जी की अगवाई में हरियाणा के सभी जिलों में एक पद यात्रा निकाली जाएगी इन्हें लेकर हम हर गाँव, हर शहर जाएंगे।

### प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ हो रही सख्त कार्रवाई

# अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : मनोहर लाल

### करनाल लोकसभा की सभी विधानसभाओं में होंगे जनसंवाद कार्यक्रम, आम जनता की शिकायतों का होगा निवारण






हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा/करनाल

केन्द्रीय उर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को घरौंडा विधानसभा के बस्ताड़ा गांव में स्थित आरपीआईआईटी कॉलेज के सभागार में जनसंवाद कार्यक्रम में आमजन की शिकायतें सुन उनका निवारण किया। इस दौरान उन्होंने लगभग 200 से ऊपर शिकायतें सुनी। दो फरियादियों की सैलरी की शिकायत पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को विजिलेंस जांच करवाने के आदेश दिए।

इस मौके पर मनोहर लाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वे अपनी लोकसभा की सभी विधानसभाओं में जनसंवाद कार्यक्रम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता से सीधे तौर पर रू-ब-रू होकर उनकी समस्याओं का हल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर योजना के तहत हर गरीब पात्र व्यक्ति को मकान देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। अनेकों योजनाओं के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार पात्र लोगों को घर बैठे ही निरंतर लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने कार्यालयों में आमजन की शिकायतों को पूरी प्राथमिकता के साथ सुने और उनका निवारण करें।

मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। किसी भी प्रकार के अपराध व अपराधी को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने बीती रात तीन बदमाशों के एनकाउंटर पर बोलते हुए कहा कि यह पुलिस का बड़ा ही सराहनीय कार्य है। किसी भी अपराधी को पुलिस प्रशासन या सरकार प्रदेश में सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा भविष्य में भी अपराधियों पर निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

इस अवसर पर घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल के दौरान प्रदेश के हर वर्ग के लोगों के लिए जो ऐतिहासिक फैसले लिए गए और अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं उनका सीधा लाभ आज प्रदेश की जनता को घर बैठे मिल रहा है।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, एसडीएम राजेश सोनी, नगराधीश शुभम, डीडीपीओ कृष्ण कुमार, बीडीपीओ अशोक छिकारा, नगर पालिका सचिव प्रिंस मेंहदीरत्ता, मंडल अध्यक्ष सुभाष कश्यप, महामंत्री राजेश जोगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद

# वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत किया वृक्षारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जब धरती पर रहेंगे वन, तभी मिलेगा हमें स्वच्छ जीवन, को लेकर नगर निगम करनाल ने वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत शहर के पार्कों में वृक्षारोपण किया। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर निगम के अधिकारियों व अभियंताओं ने शहर की रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन व सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इसके तहत शनिवार को नगर निगम की ओर से करीब 17 पार्कों में 200 से अधिक बड़े वृक्षों के पौधे रोपित किए गए। इनमें गुलमोहर, अमरूद, जामुन, नीम व बेहड़ा जैसे अनेक प्रकार के फल, फूल व छायादार पौधे लगाए गए हैं। निगमायुक्त ने बताया कि वन महोत्सव एक पारंपरिक भारतीय त्यौहार है, जो पेड़ लगाकर प्रकृति की सुंदरता के बारे में जागरूकता पैदा करके और पर्यावरण को बढ़ावा देकर धरती माता का सम्मान और प्यार करने की भारतीय संस्कृति और विरासत को दर्शाता है। कार्यक्रम के तहत भारतीयों को वृक्षारोपण और उनकी देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित करके देशभर में ओर अधिक वन बनाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वन ही जीवन है। इंसान को यदि जीवित रहना है और स्वच्छ वातावरण चाहिए, तो हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने होंगे और उनकी देखभाल भी करनी होगी। सांस लेने का एकमात्र जरिया है, वृक्ष। यदि वृक्ष नहीं होंगे तो हम ताजा सांस नहीं ले सकते और हमें जरूरी तत्वों की प्राप्ति भी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष वृक्षों की महत्वता को ध्यान में रखते हुए वन महोत्सव जुलाई माह में मनाया जाता है, क्योंकि जुलाई-अगस्त का महीना वर्षा ऋतु का होता है और पेड़-पौधों के उगने के लिए यह नमी का मौसम अच्छा माना जाता है। इस मौसम में पेड़-पौधे जल्दी उगते हैं। पौधों की अच्छे से देखभाल करने से उनकी ग्रोथ भी अच्छी होती है।

# साठ की उम्र में पांच से दस प्रतिशत लोगों का सिकुड़ रहा है हृदय वाल्वः रजनीश

- हृदय वाल्व रोग में कारगर है 'टीएवीआर' तकनीक
- नॉन-सर्जिकल इंटरवेंशंस से मृत्यु दर में 21 प्रतिशत की कमी आई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत में औसतन साठ साल की आयु तक पहुंचते-पहुंचते पांच से दस प्रतिशत लोगों में हृदय का वाल्व सिकुडने की समस्या सामने आ रही है। भारत में वाल्व सिकुडने की समस्या 70 की उम्र में 10 से 15 प्रतिशत तथा 75 की उम्र में 20 से 25 प्रतिशत लोगों में देखी जा रही है। यह कोई बीमारी नहीं बल्कि उम्र के कारण होने वाली समस्या है। इसके उपचार के लिए अब चीर-फाड़ करके वाल्व बदलने की बजाए ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) और माइट्रल वाल्व क्लिपिंग जैसी नई वाल्व रिप्लेसमेंट प्रक्रिया बेहद कारगर सिद्ध हो रही है। एक बार टीएवीआर तकनीक से वाल्व बदलने के बाद रोगी दस से 12 साल सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है। यह जानकारी मेदांता अस्पताल गुरुग्राम के में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी विभाग के चेयरमैन डॉ.रजनीश कपूर ने शनिवार को करनाल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में दी। कपूर ने बताया कि हृदयघात के बाद हृदय वाल्व रोग हृदय रोग से होने वाली मृत्यु का तीसरा सबसे बड़ा कारण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सीवीडी दुनिया भर में मृत्यु का प्रमुख कारण है, जो सालाना 17.9 मिलियन लोगों की जान लेता है। बढ़ती उम्र के परिणामस्वरूप वाल्वुलर हृदय रोग (वीएचडी) का प्रचलन दुनिया भर में बढ़ रहा है।

# राजपूत समाज का सरकार पर उपेक्षा का आरोप

- जो दल समाज हित की बात करेगा चुनाव में उसी का समर्थन किया जाएगा : प्रधान नरेंद्र प्रताप सिंह
- 28 जुलाई को राजपूत समाज के मेधावी छात्रों को किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**कानाल।** करनाल में बैठक करते राजपूत सभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सेक्टर 8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में राजपूत सभा की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राजनीतिक तौर पर सरकार पर राजपूत समाज की उपेक्षा का आरोप लगाया गया ।बैठक की अध्यक्षता राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने की। जिसमें सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा हरियाणा में अक्टूबर माह में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है,जिसमें राजपूत समाज उसी दल का समर्थन करेगा जो राजपूत समाज के लोगों को टिकट देगा। उन्होंने कहा भाजपा सरकार के समक्ष राजपूत समाज के लोगों ने विभिन्न मांगे रखी लेकिन सरकार ने उन मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जिसके चलते समाज के लोगों में सरकार के प्रति नाराजगी है। आगामी विधानसभा चुनाव में राजपूत समाज कड़ा और बड़ा फैसला लेगा और सीधे तौर पर उसी पार्टी का समर्थन करेगा जो राजनीतिक दल राजपूत समाज के हितों की बात करेगा और ज्यादा से ज्यादा टिकट देकर समाज के लोगों को चुनावी मैदान में उतरेगा। उन्होंने कहा की पिछले दिनो सामाजिक ताने-बाने को भी समाप्त करने का षड्यंत्र रचा गया जिसमें सरकार के लोगों ने कोई सकारात्मक भूमिका नहीं निभाई जिसके चलते राजपूत समाज के युवा लगातार संघर्ष करते रहे जिसके परिणाम स्वरूप लोकसभा चुनाव में केंद्र सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। समय रहते हरियाणा सरकार नहीं चेती तो आगामी चुनाव में भी इससे बुरे परिणाम आ सकते हैं।

### राजपूत समाज मेधावी छात्रों का करेगा सम्मान

बैठक में राजपूत समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह करने का फैसला भी लिया गया। यह सम्मान समारोह 28 जुलाई को महाराणा प्रताप भवन में सुबह 10:00 बजे आयोजित किया जाएगा जिसमें करनाल जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। जिन बच्चों ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र में 85 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं उनके लिए यह सम्मान समारोह रखा गया है। इस अवसर पर डॉक्टर एनपी सिंह, कुलदीप सिंह चौहान नंबरदार ,अजमेर सिंह पंवार, बृजपाल राणा एडवोकेट, गुरदीप बिजना, रामपाल अराईपुरा, तेजपाल बिजना, बिशपाल राणा, भुपसिह राणा,मान सिंह, दीपक केरवाली, प्रदीप पधाना, ओमबीर राणा, प्रमोद राणा उचाना,दीपक राजौंद , गौरव राणा अरडाना सहित समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में लगाई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल दरड़ के प्रांगण में अभिभावक शिक्षक मीटिंग के साथ-साथ प्रदर्शनी आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधक कमेटी सदस्य राजन लांबा, प्रवीण डाबरा, राजेंद्र गोलन, व ऋषि राज लांबा की अध्यक्षता में किया गया। प्रदर्शनी का मार्गदर्शन विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गुरविंदर चावला द्वारा किया गया । प्रदर्शनी आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा का अन्वेषण करना और उन्हें कई विधियों से सोचने के लिए प्रेरित करना। अपनी समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना ,व्यावहारिक अधिगम का अवसर प्राप्त करना, संचार कौशल विकसित करने में मदद करना। प्रदर्शनी छात्रों को प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा में शामिल करके रचनात्मकता को बढ़ावा देती है। प्रदर्शनी लोगों से जुडने के लिए एक आकर्षक मंच के रूप में कार्य करती है। विद्यार्थी पढने की बजाय व्यवहारिक शिक्षा पर जोर देते हैं । प्रदर्शनी में भाग लेने पर उनमें आत्मविश्वास की भावना बढ़ती है। माता-पिता को अपने बच्चों के परियोजनाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने, विचारों के बारे में चर्चा करने एवं समर्थन देने का अवसर प्राप्त होता है। बच्चों द्वारा बहुत सुंदर-सुंदर मॉडल एवं चार्ट बनाए गए। पाइथागोरस थ्योरम, अलजेब्रिक एक्सप्रेशन, स्क्वायर एंड क्यूब्स, 2डी और 3डी शेप्स, रोमन नंबर्स, विद्युत निक्षेपण जल चक्र, अंग्रेजी और हिंदी में संज्ञा, विशेषण, मुहावरे और लोकोक्तियां आदि के चार्ट और मॉडल बनाएं। आज के कार्यक्रम अभिभावकों की भीड़ ही उमड़ पड़ी और बच्चों के मॉडल देखकर उनकी प्रशंसा की। स्कूल प्रबंधक कमेटी सदस्यों एवं शिक्षकों ने अभिभावकों का स्वागत किया गया । अभिभावकों ने अपने बच्चों को विश्लेषण करते हुए देखा और भाव विभोर हो उठे ।

# कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी सरकार को महंगी पड़ेगीः सेवाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



सर्वकर्मचारी संघ,हरियाणा ने सीधे-सीधे सरकार को आगाह करते हुए कहा है कि कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी सरकार को बहुत महंगी पड़ेगी।उपरोक्त ब्यान सर्वकर्मचारी संघ,हरियाणा के जिला सचिव सेवा राम बड़सर ने देते हुए कहा कि सरकार अहम में ना रहे,वरना आने वाले दिनों में प्रदेश भर के कर्मचारी सरकार को आईना दिखाने का काम करेंगे,आगामी 26 जुलाई को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा,जिसके लिए तैयारियां की जा रही।उन्होंने दावा किया 26 जुलाई का रोष प्रदर्शन ऐतिहासिक होगा ।उपरोक्त जानकारी देते हुए संघ के जिला प्रवक्ता कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि सर्वकर्मचारी संघ आज प्रदेश भर के कम्प्यूटर टीचर और लैब सहायकों के प्रदर्शन को समर्थन करने के लिए पहुँचा था।इस अवसर पर संघ के जिला प्रवक्ता कृष्ण कुमार निर्माण ने कहा कि सरकार को चाहिए कि समय रहते हुए कर्मचारियों की मांगों का समाधान किया जाए।

# जिले के 182 प्राथमिक विद्यालयों में बनेंगे स्मार्ट क्लासरूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- नीलोखेड़ी ब्लॉक के 120 अध्यापकों को दिया गया प्रशिक्षण: पूजा मोयल

जिला संपर्क को-ऑर्डिनेटर पूजा मोयल ने बताया कि जिले के 182 प्राथमिक विद्यालयों में संपर्क फाउंडेशन द्वारा डिजिटल स्मार्ट क्लासरूम तैयार किए जा रहे है जिनमे एनिमेशन विडिओ और डिजिटल कंटेन्ट द्वारा अंग्रेजी, हिन्दी, गणित और विज्ञान विषयों को पढ़ाया जाएगा।

इसके लिए अध्यापकों को इन उपकरणों को प्रयोग करने के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू हो चुके हैं जिसमे पहले चरण में खंड नीलोखेड़ी के 120 अध्यापकों ने आज यहाँ प्रशिक्षण प्राप्त किया । इस अवसर पर बी.इ.ओ. सतपाल बग्गा और बी.आर.सी. धर्मपाल उपस्थित रहे । प्रशिक्षण जिला संपर्क को-ऑर्डिनेटर कु. पूजा मोयल द्वारा प्रदान किया गया । उन्होंने बताया कि नए सॉफ्टवेयर डिवाइस में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप छात्र छात्राओं के लिए रोचक एनिमेटिड पाठ्य सामग्री दी गई है जो कक्षा 1 से 5 तक का एफ.एल.एन. (सभी विषय) और कक्षा 6 से 8 तक फन विद साइंस शामिल करती है । साथ ही इसमें जवाहर नवोद्य विद्यालय और सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कोर्स भी उपलब्ध हैं जो कि अंग्रेजी और हिन्दी दोनों माध्यमों में उपलब्ध है । अगले चरण में जिले के शेष पाँच खंडों पर अध्यापकों का प्रशिक्षण 15 जुलाई से दिया जाएगा । इस अवसर पर विवेक कुमार जिला संपर्क विज्ञान को-ऑर्डिनेटर, पल्लवी जिला संपर्क को-ऑर्डिनेटर पानीपत, पूजा बी.आर.पी., सहदेव बी.आर.पी., प्रवीण बी.आर.पी., सोहन ए.बी.आर.सी. और लिपिक सुरेंद्र चौधरी का विशेष योगदान रहा ।

### 2.5 लाख की लागत से लगाए फलदार और छायादार पौधे

# सौंकड़ा को पेड़-पौधे से हरा-भरा कर रही पंचायत

- स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में नंबर-1 पर होगा गांव सौंकड़ाः भूपेंद्र सिंह लाडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



**तरावड़ी।** गांव सौंकड़ा मे सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी पौधारोपण करते हुए।

परिश्रम कभी बेकार नहीं जाता। सच्ची लगन ओर मेहनत से किया कार्य अवश्य सफल होता है। ऐसा ही कार्य नीलोखेड़ी विधानसभा में स्थित गांव सौंकड़ा की ग्राम पंचायत कर रही है। न केवल गांव सौंकड़ा को हरा भरा रखने के लिए अढ़ाई लाख रुपए के फलदार ओर छायादार पौधे लगाए गए, ब्लकि गांव में निकासी व्यवस्था को भी सुचारू करवाया गया है। इसके अलावा भी गांववासियों को प्राथमिकता से सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। ग्राम पंचायत सौंकड़ा के सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी ने पंचों और गांववासियों के साथ मिलकर गांव में अढ़ाई लाख रुपए की लागत से खरीदे गए पौधे लगाए और उनकी रक्षा करने का भी संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि गांव सौंकड़ा को हरा भरा रखने के साथ-साथ पर्यावरण भी स्वच्छ रखा जाऐगा। उन्होंने बताया कि गांव सौंकड़ा में अलग-अलग जगहों पर बोतलपाम समेत अच्छी क्वालिटी के पौधे लगाए गए। इसके अलावा नीम ओर पीपल के छायादार पौधों समेत फलदार पौधे भी लगाए गए। काबिलेगौर है कि ग्राम पंचायत सौंकड़ा के सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी ने गांव को हरा-भरा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गांव की मुख्य सडक़ के दोनों ओर सुंदर-सुंदर फूलों के पेड़ लगाकर सुंदरता को जन्म दिया हुआ है। पेड़-पौधों की सुंदरता को देखकर गांव की शोभा चार गुणी बढ़ गई है। बता दें कि गांव में सुंदरता एवं स्वच्छता को बनाए रखने के लिए ग्रामवासियों के सहयोग से अहम कदम उठाए जा रहे है। सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि उनका गांव सौंकड़ा हरा-भरा ओर स्वच्छ एवं सुंदर दिखे ये ही मेरा सपना है। स्वच्छता के कारण गांव का सुंदरीकरण बहुत अच्छा लगता है गांव का निवासी शहर जाने की बजाय गांव में ही रहना पसंद करता है। सरपंच भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि गांव में स्कूल, तालाब, सरकारी कार्यालयों में भी पौधे लगाए जाऐंगे।

**खबर संक्षेप**

### एसडीओ को धमकी देने वाला पकड़ा

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने पंचायत राज खंड इसराना के एसडीओ सत्यप्रकाश मलिक को सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और फोन पर वॉटसअप कॉल कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में शुक्रवार को दी हुड्डा कॉपरेटिव सोसायटी के संचालक अनिल निवासी गांव घुसकानी जिला रोहतक को गिरफ्तार कर लिया है।

### ठगी के दो आरोपी पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने घर बैठे पार्ट टाइम जॉब दिलाने के नाम पर मॉडल टाउन निवासी महिला से 5 लाख 71 हजार 925 रुपये की ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों रवि पुत्र प्रकाश व अशोक पुत्र ओम प्रकाश निवासी असंध, करनाल को गिरफ्तार किया है।

### पुलिस ने चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम नेफ्था क्रैकर रोड पर सिठाना गांव के नजदीक स्थित प्लांट में खड़े ट्रकों, पोकलेन मशीन, जनरेटर व जेसीबी मशीन से बैटरी चोरी करने वाले आरोपी अमित निवासी गांव पाढा जिला करनाल को कैथल जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी अमित पेशेवर अपराधी है और उसके खिलाफ विभिन्न थाना में चोरी, लूट, डकैती की वारदातों के करीब 24 अभियोग दर्ज है।

### पुलिस ने स्नेचिंग का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने देशराज कॉलोनी में घर के बाहर गली में घुम रहे चेतन्से मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल फरार तीसरे आरोपी रवि निवासी हरिसिंह कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। उक्त वारदात बारे थाना तहसील कैंप में राजकपूर पुत्र ओमप्रकाश निवासी भोला चौक देशराज कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### दो चोरों से तीन बाइक बरामद

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर चोर कृष्ण पुत्र उमर सिंह व मोनू पुत्र जगपाल निवासी गांव पूंडरी जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई तीन बाइक बरामद है।

### दोस्त को गोली मारी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत में बीड़ी न देने को लेकर हुए विवाद में दीपक निवासी तहसील कैंप को उसके दोस्त अंकुश ने ही गोली मार दी। आरोपी घायल दीपक को अपनी कार में डालकर पानीपत के सिविल अस्पताल ले गए। आरोपियों ने दीपक को अस्पताल के मेन गेट के बाहर सड़क पर फैंक दिया और फरार हो गया।

### शिव मंदिर में मां के नाम पौधे रोपे

**पानीपत।** पानीपत के गांव छाजपुर खुर्द शिव मंदिर में प्रधानमंत्री मोदी की पौधरोपण मुहिम एक पेड़ मां के नाम को आगे बढ़ाते हुए शिक्षाविद एवं पर्यावरण प्रहरी डा.हितेश चंद शर्मा ने नस्ली आडू का पौधा अपनी मां के नाम रोपित किया तथा जल सिंचन कर उसे बड़ा करने तक देखभाल की भी प्रतिज्ञा की। वहीं अपने जन्मदिन पर एक कलम चढ़ा बड़ा पेड़ नाशपाती का भी शिव मंदिर परिसर में लगाया।

### केंद्र सरकार अग्निवीर हितैषी

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करपशन एंड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा बीएसएफ व सीआईएसएफ में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का स्वागत किया गया।

## पैक्स की व्यवसायिक क्षमता बढ़ाने से किसान समेत हर वर्ग को होगा फायदा

# किसानों की सुख-समृद्धि के लिए पैक्स को मजबूत करें : महिपाल

**केंद्र सरकार ने निर्देश दिए कि पैक्स के जरिए सीएचसी व गैस एजेंसी भी चलाई जा सकती हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना



इसराना। सहकारी मंत्री महिपाल ढांडा का फूल भेंट कर स्वागत करते हुए रोशन लाल माहला। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा ने रविवार को आयोजित जिले के गांव मांडी में प्राइमरी एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव सोसाइटी (पैक्स) द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि किसान की मजबूती पैक्स की मजबूती के साथ जुड़ी है। जब तक पैक्स मजबूत नहीं होगा किसान मजबूत नहीं होगा। पैक्स कर्मचारी ज्यादा से ज्यादा कार्य करके पैक्स को और मजबूत बनाएं। पैक्स की मजबूती से किसान की मजबूती का सीधा संबंध है। वहीं, मंत्री ने ग्रामीणों व टैक्स कर्मचारियों द्वारा दी गई मांगो की फिजिबिलिटी चेक करवा कर उनका अध्ययन करके पूरा करने का आश्वासन दिया। मंत्री ढांडा ने कहा कि उन्होंने पैक्स के बारे में अधिकारियों से बैठक कर चर्चा की व कैसे इसको मजबूत बनाया जा सकता है पर गहन विचार किया। वहीं उन्होंने कहा कि पैक्स का गठन इसलिए किया गया था ताकि ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा किसानों को इसका लाभ पहुंचे। ज्यादा से ज्यादा लोग इसके साथ जुड़े। मंत्री ने बताया कि 720 पैक्स में कुछ पैक्स ऐसी है जो घाटे में चल रही है। उन पर ध्यान दिया जा रहा है। उनको प्रॉफिट में लाना पैक्स कर्मचारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने निर्देश दिए कि पैक्स के जरिए सीएचसी व गैस एजेंसी भी चलाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि जब पैक्स मजबूत होगा तो हमें किसी दूसरों की तरफ देखने की आवश्यकता ही महसूस नहीं होगी। बहुत सी मांगों को हम पैक्स के जरिए भी पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट लगा कर पैक्स के माध्यम से कर्मचारी कार्य करें व इसे और मजबूत बनाने का संकल्प लें। कार्यक्रम में पैक्स के चेयरमैन दिलबाग सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रंजीता कौशिक, टेकराम, बलवान, सुभाष, अभय के अलावा ग्रामीण व पैक्स कर्मचारी उपस्थित रहे। हरियाणा के विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा ने अपने संबोधन में भाजपा के जिला महामंत्री रोशनलाल माहला के संबंध में कहा कि वे, पार्टी के मेहनती कार्यकर्ता है और इसराना क्षेत्र में भाजपा के जनाधार को तेजी से बढा रहे है। वहीं पार्टी को माहला से इसराना हलके में भाजपा के उज्ज्वल भविष्य की काफी उम्मीदें है। माहला को इसराना क्षेत्र में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा का और तेजी से प्रचार प्रसार करते हुए जनता को अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जोडना चाहिए। उन्होंने कहा कि माहला को पार्टी के लिए की गई मेहनत का श्रेष्ठ फल भी मिलेगा।



## प्रशिक्षु वाहन चालक ले रहे हैं प्राथमिक चिकित्सा की ट्रेनिग

- दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को सही समय पर प्राथमिक सहायता देकर किसी भी जान को बचाया जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत जिला रेडक्रास सोसाइटी के सचिव गौरव रामकरण की देख-रेख में जीटी रोड स्थित रेडक्रास भवन के प्रांगण में कंडक्टरों व ड्राइवरों की भर्ती के मध्देनर जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द की अगुवाई में 120 युवाओं को प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सचिव गौरव रामकरण ने बताया कि सैंट जॉन एम्बुलेंस एसोसिएशन, पानीपत कार्यालय रेडक्रास द्वारा कंडक्टरों व ड्राइवरों के पदों की भर्ती के मध्देनजर प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि प्रशिक्षु शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करता है तो प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण उपरांत सफल अभियार्थी अपना लाइसेंस बनवाकर उक्त पदों हेतु अप्लाई कर सकते है। वहीं, जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द ने बताया कि प्रतिभागियों को प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बताया कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को सही समय पर प्राथमिक सहायता देकर किसी भी जान को बचाया जा सकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति को प्राथमिक सहायता का ज्ञान हो तो सड़क दुर्घटनों में होने वाली मृत्युदर को कम किया जा सकता है। इस दौरान प्राथमिक सहायता प्रवक्ता कला भारद्वाज ने प्रतिभागियों को जलने-झुलसने के कारणों व बचाव, गले में कोई वस्तु फंस जाये, तो उसे कैसे निबटें के बारे जानकारी प्रदान की गई।

## भाजपाइयों ने माताओं के नाम पर पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत के गांव नोहरा में भाजपा अनुसूचित मोर्चा पानीपत में पौधरोपण एक पौधा मां के नाम मंडल अध्यक्ष सुखविंदर द्वारा प्रोग्राम किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष रविंद्र तौशामर द्वारा की गई। पर्यावरण को ग्लोबल वामिंर्ग से बचाने के लिए व पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अभियान एक पौधा मां के नाम को आगे बढ़ाते हुए गांव नोहरा में मंडल अध्यक्ष सुखविंद्र द्वारा मुख्य अतिथि ईश राणा, रविंद्र तौशामर, अनिल खत्री ज़िला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा, कृष्ण लाल नोहरा ज़िला उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा व डॉ संजय चहल, मोहित पूनिया ने कहा कि आज के समय में प्रदूषण की गंभीर समस्या से बढ़ते हुए कारखाने, वाहनों व अन्य यंत्रों से निकले प्रदूषण से बचने के लिए मात्र अधिक से अधिक पौधे रोपे।

### विश्व भारती विद्या निकेतन के बच्चों को बांटे पौधे

**पानीपत।** विश्व भारती विद्या निकेतन देशराज कॉलोनी में स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से विद्यार्थियों को पौधे वितरण का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनके देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने भी पूरा आश्वासन दिया कि हम एक-एक पेड़ अवश्य लगाएंगे और उसकी सेवा भी करेंगे। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच की तरफ से नितिन नागपाल, जितेंद्र गुप्ता, गुलशन बत्रा, सौरभ पोपली और विद्यालय के प्रबंधक अवनीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण जितना अधिक होगा, मानवता उतनी सुखी होगी।

## पानीपत रिफाइनरी ने 26वां स्थापना दिवस मनाया

- ईडी और आरएच, एमएल डहरिया के नेतृत्व में टीम को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। पानीपत रिफाइनरी स्थापना दिवस पर केक काटते हुए अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

पानीपत। इंडियनऑयल की प्रमुख और सबसे बड़े एकीकृत पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने उत्साह और जोश के साथ अपना 26वां स्थापना दिवस मनाया। वहीं, एम एल डहरीया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने अपने सभी सहयोगियों एवं उनके परिजनों को पीआरपीसी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। जबकि सेंथिल कुमार एन, निदेशक (पाइपलाइंस) अतिरिक्त प्रभार निदेशक रिफाइनरी ने रिफाइनरी मुख्यालय, दिल्ली से वर्चुअली जुड़ कर पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) के 26वें स्थापना दिवस समारोह की बधाइयां दी। उन्होंने ईडी और आरएच, एमएल डहरिया के नेतृत्व में टीम को बधाई दी। समारोह में रिफाइनरी मुख्यालय और पानीपत रिफाइनरी ने वर्चुअली जुड़ कर एक साथ केक कटिंग करके पीआरपीसी दिवस मनाया। इधर, एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख ने, मुख्य-महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारियों, अधिकारी संघ एवं कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पीआरपीसी शपथ दिलाई। उन्होने इस शपथ के द्वारा पीआरपीसीएन्स से पीआरपीसी परिसर को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए समर्पण, दृढ़ता और जुनून के साथ अपना काम जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

### पानीपत-कुराड हाईवे के निर्माण में किसान व एचएसआईडीसी आमने-सामने

**पानीपत।** पानीपत-हरिद्वार हाईवे पर कुराड़ फार्म से पानीपत सिटी के संजय चौक तक बनने वाली चार लेन हाईवे के निर्माण में रास्ते में पड़ने वाले गांव छाजपुर खुर्द के किसान व एचएसआईडीसी के अधिकारी आमने-सामने आ गए हैं। अधिकारी जहां सरकारी जमीन पर किसानों का अवैध कब्जा बता रहे हैं तो वहीं किसान सरकार पर पंचायती जमीन को जबरदस्ती कब्जाने का आरोप लगा रहे हैं। गांव छाजपुर खुर्द निवासी किसान सतपाल रावल व सोमपाल रावल ने बताया कि हरिद्वार हाईवे से जुडने वाले करीब 10 किलोमीटर की लंबी सडक को फिलहाल पानीपन के संजय चौक से कुराड़ फार्म तक बनाया जा रहा है। जो उनके गांव छाजपुर खुर्द से होकर गुजरती है।

## नशा जीवन में मजा नहीं बल्कि सजा दिलाने वाला गुप्त शत्रु : ललिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। नशा मुक्ति अभियान में भाग लेते हुए नारी शिक्त। फोटो :हरिभूमि

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बापौली शाखा द्वारा जिले में सात दिवसीय नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया। इस दौरान जागरूकता अभियान वैन को बतौर मुख्यातिथि जोन निदेशक बीके भारत भूषण व सरपंच बापौली डिंपल रावल ने बापौली केंन्द्र संचालिका बीके ललीता के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बीके ललिता ने बताया कि नशा मुक्ति जागरूकता वैन खंड के करीब 25 गांवों में जाकर चौक-चौराहों व स्कूलों में बच्चों व ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक करेगी। नशा जीवन में मजा नहीं बल्कि सजा दिलाने वाला वह गुप्त शत्रु है। जिसे आज का मानव अपना दोस्त समझ रहा है। समाज को ऐसे शत्रु से बचाना है तो मनुष्य के अंदर छिपी हुई अच्छाइयों को उसे पहचानना होगा। जिसमें राजयोग अति कारगर सिद्ध हुआ है। राजयोग के कुछ कारगर टिप्स देते हुए उन्होंने कहा कि संपूर्ण देश में चलाए जा रहे नशामुक्त भारत अभियान को सहकारी और गैर-सहकारी संगठनों से सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। लोग तेजी से अभियान से जुड़ रहे हैं। हजारों लोगों ने इन कार्यक्रमों से जुड़कर नशामुक्ति का संकल्प लिया है। लोगों की सेवा केंद्रों के माध्यम से काउंसलिंग कर नशा छुड़ाया जा रहा है। सरपंच डिम्पल रावल ने कहा कि परमात्मा की हम बच्चों से आस है कि मेरे लाड़ले बच्चे तुम्हें स्वयं का उद्धार कर जग परिवर्तन के कार्य में अपना सहयोग देना है। इस मौके पर बीके मोनिका, बीके दिव्य, रामधन, रमेश व भोपाल आदि मौजूद रहे।

### शहीद मेजर आशीष के परिवार में बढ़ता जा रहा है कलेश

**पानीपत।** शहीद मेजर आशीष धौंचक का पारिवारिक विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। शहीद धौंचक की वीरांगना ज्योति पर उनकी सास कमला ने प्रेस वार्ता कर गंभीर आरोप लगाए है। शहीद मेजर आशीष की मां कमला ने कहा कि उनकी बहू ज्योति ने आरोप लगाए हैं कि घर में ननद और ननदोई की चलती है। वे अपने परिवार सहित इसी घर में ही रहते हैं। कमला ने कहा कि इसकी सच्चाई ये है कि मेरी बेटियों और उनके पतियों की लोकेशन चेक करवा ली जाए। वे जून माह के अलावा यहां पर कभी नहीं रहे। इसके अलावा बहू का आरोप है कि उससे कभी फोन पर बात नहीं की गई। पोती का कभी हाल चाल नहीं जाना। कमला ने कहा कि उन्होंने हमेशा कॉल की है, बहू ने ही कभी बात करना पसंद नहीं किया। उसने कभी पोती से भी बात नहीं करवाई।

## कांग्रेस ने हमेशा नारी हित में कार्य किए : कुंडू

- युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन ने कार्यक्रम कर महिलाओं का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू ने शनिवार को शगुन बैंकट हाल में पानीपत ग्रामीण हलका के महिला आभार अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त ग्रामीण हलके के सभी गांवों व कॉलोनियों की महिलाओं ने हजारों की संख्या में भाग लिया। वहीं सचिन कुंडू ने कार्यक्रम में पहुंची सभी महिला कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को वोट दिया और सभी मतदाताओं की बदौलत कांग्रेस प्रत्याशी को इस बार ग्रामीण हलके से 61 हजार से भी ज्यादा वोट मिले है। लेकिन प्रदेश में अब जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले है। कांग्रेस ने हमेशा नारी हित में कार्य किए। पानीपत ग्रामीण हलके की महिलाओं ने विधानसभा चुनाव में भी महिला विरोधी इस भाजपा सरकार को बाहर का रास्ता दिखाकर कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से जीता कर विधानसभा में भेजना है ताकि ग्रामीण हलके के लोगों के हकों की आवाज को विधानसभा में बुलंद किया जा सके।



### समालखा में अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

**समालखा।** जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने बताया कि समालखा में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त वीरेंद्र दहिया के निर्देश पर अभियान चलाया गया है। जिसके तहत मनाना रोड के साथ लगती करीब पांच एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कालोनी में चारदीवारी व कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया। उन्होंने डीटीपी ने आमजनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट न खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद न होने दें। अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं।

**औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 में सीवर क्लीनिंग रोबोटिक मशीन व डीप ट्यूबवेल का शुभारंभ**

# उद्यमियों की हर समस्या का हल प्राथमिकता से होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। पानीपत के उद्यमियों को रोबोटिक मशीन की चाबी सौंपते हुए भाजपा नेता हरपाल ढांडा। फोटो :हरिभूमि

इंडस्ट्रियल एस्टेट एसोसिएशन, औद्योगिक हुडा सेक्टर 29, में शनिवार को सीवर क्लीनिंग रोबोटिक मशीन एवं डीप ट्यूबवेल उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा के विकास एवं पंचायत व सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा रहे। वहीं, ढांडा ने रोबोटिक मशीन एवं डीप ट्यूबवेल का उद्घाटन नारियल तोडकर किया। इंडस्ट्रियल एस्टेट एसोसिशन के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा का पगड़ी व पटका पहनाकर सम्मान किया। वहीं एसोसिएशन के प्रधान श्रीभगवान अग्रवाल ने सेक्टर की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सीवर के मेन हाल की सफाई रोबोटिक मशीन से होने से सीवर जाम की समस्या से निजात मिलेगी। वहीं पीने के पानी की समस्या भी गंभीर बनी हुई थी, दो डीप ट्यूबवेल लग जाने से पीने के पानी की समस्या से भी निजात मिल जाएगी। सेक्टर 29 में दो सीटीपी प्लांट लगे हुए हैं जो सेक्टर की इंडस्ट्री के लिए उपयुक्त हैं। वहीं, सेक्टर से बाहर की इंडस्ट्री का पानी इन एसटीपी प्लांट से जोड़ दिया गया है। जिससे सेक्टर की इंडस्ट्री को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक एसटीपी प्लांट सेक्टर की बाहरी इंडस्ट्री के लिए लगाया जाए। श्री भगवान ने बताया कि महाराजा अग्रसेन चौक से जीटी रोड तक बाईपास रोड पिछले 5 सालों से नहीं बना है। लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग का निर्माण शीघ्र करवाया जाए। वहीं स्ट्रीट लाइट को जब से नगर निगम के पास रख रखाव गया है तब से स्थिति खराब हो रही है। सेक्टर अंधेरे में डूबा रहता है। स्ट्रीट लाईट को ठीक कराया जाए। 2018 में बरसाती नाला का निर्माण किया गया था। जिसे आधा ही बनाकर छोड़ दिया गया है। उस अधूरा नाला को बनवाया जाए। वहीं सेक्टर का सौंदर्य बढ़ाने के लिए फ्लोरा चौक से जीटी रोड तक सडक को डबल बनाया जाए। पौने दो एकड़ डिस्पेंसरी की जमीन से अतिक्रमण हटवाकर डिस्पेंसरी एवं कम्युनिटी सेंटर का निर्माण करवाया जाए। श्री ढांडा ने इन सभी मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि मैं भी एक व्यापारी हूं और उनकी सभी समस्याओं को दूर करवाने के लिए मंत्री महिपाल से सिफारिश करूंगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि औद्योगिक क्षेत्र को पूरी सुविधाएं मिले, क्योंकि औद्योगिक इकाइयां ही विकास की धूरी हैं। इसलिए सरकार भी उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उन्हें अधिक से अधिक सुविधाएं देने के प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि रोबोटिक मशीन से सीवर के मेन हाल की सफाई का काम होने से सीवर जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा। वहीं ट्यूबवेल लग जाने से भी पीने के पानी की समस्या भी औद्योगिक क्षेत्र से दूर होगी। पूर्व पार्षद शकुंतला गर्ग ने भी उद्यमियों की मांगों का समर्थन करते हुए से शीघ्र दूर करवाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर पौधारोपण का भी कार्यक्रम किया गया। जिसमें उपस्थित सभी मुख्य अतिथि व उद्यमियों ने अपने-अपने हाथों से सैकड़ों पौधे रोपे। एसोसिएशन के संरक्षक पुरुषोत्तम शर्मा, श्याम सुंदर, रोटरी सेंट्रल के प्रधान राजीव सेठ, सचिव संजीव गर्ग, मुकेश गुप्ता, अनिल बंसल, पानीपत डायर्स एसोसिएशन के प्रधान नितिन अरोरा, विनित शर्मा व अखिल चोपड़ा आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी मोहित कुमार को गिरफ्तार किया है। शेरपुर के चनन सिंह ने 12 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11 जुलाई 2024 को गांव शेरपुर से आरोपी मोहित कुमार ने उसके घर से पानी की मोटर चोरी कर ली है।

### मारपीट के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी गुनदीप सिंह को शामिल जांच किया है। कैथ माजरी के भूपेंद्र सिंह ने 4 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी गुनदीप सिंह व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### मौत के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरसेवक सिंह को शामिल जांच किया है। सिरसगढ़ के राजबीर सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 अप्रैल 2024 को रकबा दोसडका के पास आरोपी वाहन चालक ने लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाते हुए उसके पुत्र अनिल कुमार को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसके बेटे की मौत हो गई थी।

### 20 भारी वाहनों के चालान किए

**अंबाला।** ट्रैफिक नियमों की पालना न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस निरंतर कार्रवाई कर रही है। शनिवार को पुलिस ने ऐसे 20 भारी वाहनों के चालान किए जोकि निर्धारित लेन की बजाय प्रतिबंधित लेन में वाहन चला रहे थे। पिछले कई महीने से पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चला रही है। अब तक लगभग 34,064 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं।

### विवाहता रात को ससुराल से फरार

**अंबाला।** 19 वर्षीय विवाहिता रात को ससुराल से फरार हो गई। सुबह बहू घर से गायब मिली तो ससुराल वाले हैरान रह गए। उन्होंने अपनी रिश्तेदारी में भी बहू के बारे में पूछा, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। सास ने पुलिस थाने पहुंच बहू के घर से फरार होने की रिपोर्ट की। पर पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

---

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष जैन बोले राज्य सरकार की खुल गई पोल

# शंभू बॉर्डर खोलने को लेकर सरकार ने व्यापारियों-किसानों से किया विश्वासघात

**शंभू बॉर्डर खोलने की बजाय सुप्रीमकोर्ट पहुंचने पर कांग्रेस ने किया बड़ा हमला, कहा व्यापारियों व किसानों को लेकर सरकार की नीयत में खोट**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

शंभू बॉर्डर खोले जाने के खिलाफ राज्य सरकार के सुप्रीमकोर्ट में जाने पर कांग्रेस ने इसे व्यापारियों व किसानों के साथ विश्वासघात करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने इस मामले में राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि शंभू बॉर्डर खुलवाने को लेकर आए फैसले को सुप्रीमकोर्ट में चुनौती दिए जाने से भाजपा सरकार एक्सपोज हो गई है। उन्होंने कहा कि पिछले करीब छह महीने में सरकार ने कभी शंभू बॉर्डर को खोलने की कसरत ही नहीं की। सरकार को न तो किसानों की आवाज सुनाई दी न ही बर्बाद होते व्यापारियों का दर्द उसके कानों तक गया। शंभू बॉर्डर बंद होने से धक्के खा रहे राहगीरों की मुश्किलें भी कभी सरकार को नहीं दिखी। जैन ने कहा कि जिस तरह राज्य सरकार बॉर्डर खोलने के लिए खिलाफ सुप्रीमकोर्ट पहुंची है उससे साफ जाहिर है कि भाजपा सरकार शंभू बॉर्डर खोलने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि छह महीने से बॉर्डर पर बैठकर किसान शांति पूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं। वे अपनी मांगों को लेकर दिल्ली जाना चाहते हैं लेकिन हरियाणा सरकार ने केंद्र सरकार के इशारे पर उनके रास्ते में भारी भरकम बैरिकेड लगा दिए। किसानों के पांवों को छलनी करने के लिए नुकीलें कीलों के जाल बिछा दिए। उन्होंने कहा कि किसानों ने कभी शंभू बॉर्डर बंद नहीं किया। हरियाणा सरकार ने ही केंद्र के इशारे पर बॉर्डर को सील किया हुआ है। जैन ने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को 7 दिन में हाइवे खोलने के आदेश दिए थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने तो पहले ही आशंका जताई थी कि राज्य सरकार इस फैसले के खिलाफ सुप्रीमकोर्ट जाएगी। अब यह आशंका भी सच साबित हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से अब शंभू बॉर्डर बंद होने से प्रभावित व्यापारियों के साथ आम जनता व किसानों का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा जाएगा।



**अंबाला।** व्यापारियों से ज्ञापन पर हस्ताक्षर करवाते हुए कांग्रेसी नेता।

### होलसेल कपड़ा मार्केट बंद होने के कगार पर

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जैन ने कहा कि अंबाला की होलसेल कपड़ा मार्केट पूरी दुनिया में मशहूर है। यहां करीब 3 हजार से ज्यादा दुकानें हैं। हर साल हरियाणा पंजाब के बीच कपड़े का करोड़ों का कारोबार होता है। उन्होंने बताया कि शंभू बॉर्डर बंद होने से अब यह मार्केट बंद की कगार पर है। इनके सामने व्यापार चलाने का संकट खड़ा हो गया है। अगर बार्डर न खुला तो अंबाला शहर की होलसेल कपड़ा मार्केट पर ताला लग जाएगा। तमाम कारोबारी बर्बाद हो जाएंगे। साथ में दस हजार से ज्यादा कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे।

**सरकार के खिलाफ शुरू किया अभियान**

शंभू बॉर्डर तत्काल खुलवाने के लिए इस मुहिम में व्यापारियों को जोड़ने के लिए कांग्रेसी नेता रोहित जैन की अगुवाई में हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया गया। जैन ने कहा कि इस अभियान में आम जनता के साथ व्यापारियों व दुकानदारों भी शामिल किया जाएगा। जैन ने कहा कि भाजपा की राज्य में बेशर्म सरकार है जोकि जानबूझकर व्यापारियों को बर्बाद करने पर तुली है। यह सरकार पहले ही किसान विरोधी साबित हो चुकी है।

---



**अंबाला।** सरकार की नीतियों की लोगों को जानकारी देते कलाकार।

## राज्य सरकार की उपलब्धियों का किया जा रहा है प्रचार

- सूचना जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से चलाया जा रहा है अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के महानिदेशक मनदीप बराड़ के निर्देशानुसार जिला के साथ-साथ प्रदेश में 31 जुलाई तक विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में प्रदेश सरकार की साढ़े 9 सालों की उपलब्धियों, नीतियों, योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके लिए विभागीय नियमित, अनुबंधित और सूचीबद्ध पार्टियां गांव-गांव में पहुंचकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रही है। जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि गीतों व भजनों के माध्यम से कलाकारों द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, अटल मजदूर कैंटीन, बेटियों के हित में चलाई जा रही सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, कन्यादान योजना, आपकी बेटी हमारी बेटी योजना, अंत्योदय अन्न योजना, जन औषधि केंद्र, आयुष्मान कार्ड, हैप्पी कार्ड जैसी करई योजनाओं के बारे जानकारी दी जा रही है। इसके साथ-साथ विभिन्न पोर्टल के माध्यम से सरकारी सेवाओं का घर बैठे मिल रहा लाभ के बारे में भी आमजन को जानकारी दी जा रही है। आमजन द्वारा विशेष प्रचार के माध्यम से कलाकारों द्वारा सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं बारे गीतों व भजनों के माध्यम दी जा रही जानकारी की सराहना की। विभागीय भजन मंडली द्वारा अब तक मोखामाजरा, ललाना, जलालपुर, चुडियाला, चुडियाली, दुबली, खानपुर, धुराला व दिनारपुर गांवों में गीतों व भजनों के माध्यम से सरकार की योजनाओं, परियोजनाओं एवं कार्यो के बारे में ग्राम वासियों को जानकारी दी गई। इस विशेष प्रचार अभियान के दौरान जिला के सभी गांवों और शहरों के वार्डों को कवर किया जाएगा।

---

## जालंधर उपचुनाव में आप की जीत पर लड्डू बांटकर मनाया जश्न

- जीत के बाद प्रदेश में भी लाएंगे बदलाव : लौट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष करणवीर लौट ने शनिवार को अंबाला शहर विधानसभा के रोशनपुर गांव में बदलाव जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं को जालंधर उपचुनाव में लड्डू बांटकर आम आदमी पार्टी की जीत का ज़श्न मनाया। वहीं उन्होंने कहा कि जालंधर उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत से बदलाव का रास्ता तय हो गया है और अगले बदलाव की शुरुआत अंबाला से होगी। उन्होंने कहा हरियाणा की बीजेपी सरकार पिछले दस साल से ही किसानों के विरोध में काम कर रही है। हाइकोर्ट के बॉर्डर खोलने के निर्णय के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जाकर ये दिखा दिया कि बीजेपी न तो व्यापारियों का हित चाहती है और न ही किसानों के हित में काम करना चाहती है। उनके साथ कुलदीप कुमार, दारा सिंह, बलकार सिंह, बलबीर सिंह, तिजेंद्र सिंह, सुखविंदर सिंह हैप्पी, रुल्दा खान समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



**अंबाला।** पार्टी की जीत पर जश्न मनाते हुए कार्यकर्ता।

---

## रोहतक के सांसद बाजारों में निकालेंगे पदयात्रा

- 16 को अंबाला शहर के बस स्टैंड से शुरू होकर अंबिका मंदिर पर खत्म होगी यात्रा, कांग्रेसी नेताओं ने यात्रा को लेकर किया लोगों से संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा 16 को अंबाला शहर की होलसेल कपड़ा मार्केट में पैदल यात्रा करेंगे। कांग्रेस की ओर से यात्रा की तैयारियां हो चुकी हैं। पूर्व विधायक जसबीर मलौर , डिप्टी मेयर राजेश मेहता , हिम्मत सिंह व अमीषा चावला ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए गए हरियाणा मांगें हिसाब कार्यक्रम के तहत सांसद दीपेंद्र हुड्डा और सांसद वरूण चौधरी 16 को अंबाला शहर में शाम 4 बजे बस स्टैंड से लेकर विभिन्न बाजारों से होते हुए अंबिका मंदिर तक पदयात्रा करेंगें । कांग्रेस की तरफ से प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ 15 सवालों की चार्जशीट जारी की गई है । इस चार्जशीट और कांग्रेस पार्टी की घोषणाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए हरियाणा मागें हिसाब कार्यक्रम पूरे हरियाणा प्रदेश में चलाया जा रहा है । इसके जरिए ना सिर्फ भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर किया जाएगा , साथ ही साथ कांग्रेस पार्टी के मैनिफेस्टो के लिए जनता के सुझाव लिए जाएंगे। जनता सवाल पूछना चाहती है कि देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा में क्यों है ? हरियाणा प्रदेश सबसे असुरक्षित प्रदेश क्यों है ? घर घर कैसे पहुँचा नशे और ड्रग्स का काला साम्राज्य? देश में सबसे ज्यादा महगांई हरियाणा में क्यों है ? भ्रष्टाचार के जनक व जनता के जी का जंजाल क्यों बने है जनविरोधी पोर्टल व आईडी ?भाजपा के 10 साल में हजारों करोड़ के 50 से ज्यादा बड़े घोटाले क्यों ? भाजपा काल क्यो बना किसानों का काल ? भाजपा ने दलितों और पिछड़ों की घोर उपेक्षा क्यों की ?अगिनवीर और कौशल रोजगार की वजह से सरकारी नौकरिया क्यों खत्म की ? हर वर्ग पर गोलियां और लाठिंया क्यों बरसाई? इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को शून्य पर क्यों ले आई भाजपा ? भाजपा ने 2014 और 2019 के चुनाव की घोषणाओं को पूरा क्यों नहीं किया ? भाजपा ने स्वास्थ्य सेवाओं का दीवालिया क्यों पीटा ? भाजपा ने शिक्षा तन्त्र को क्यों बर्बाद किया ? भाजपा ने हरियाणा प्रदेश की सबसे विकसित अर्थव्यवस्था को क्यों बर्बाद किया ? इन सब सवालों को मद्देनजर रखते हुए सांसद हुड्डा और सांसद वरूण चौधरी कार्यक्रम का आगाज करेंगे।



**अंबाला।** पदयात्रा को लेकर लोगों से संपर्क करते हुए कांग्रेसी नेता।

---

## डॉमेस्टिक एयरपोर्ट से विमान सेवा जल्द शुरु करने के आदेश

- विज ने निर्माण को लेकर अधिकारियों से ली अपडेट
- अंबाला छावनी में चल रहे विकास कार्यों पर ही हुई चर्चा, अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने शनिवार को अपने आवास पर अंबाला छावनी में विकास कार्यों को लेकर डीसी डॉ. शालीन व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में आरसीएस उड़ान योजना के तहत विमान सेवा जल्द प्रारंभ हो। जिसका शहर वासियों को लाभ मिले। विज ने कहा कि छावनी में डोमेस्टिक एयरपोर्ट के टर्मिनल का निर्माण अधिकारी तय समय में पूरा करें। ताकि उड़ान सेवा को जल्द से जल्द प्रारंभ किया जा सके। निर्माण कार्यों को लेकर उन्होंने अधिकारियों से चर्चा की, तथा टर्मिनल में यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं व अन्य प्रबंधों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि टर्मिनल में यात्री व वीआईपी के लिए अलग से बैठने की सुविधा होनी चाहिए। इसके अलावा टर्मिनल के बाहर लाइटस, पार्किंग व अन्य प्रावधान भी तय समय में पूरे होने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए ताकि जल्द अंबाला से उड़ान सेवा देश के अन्य शहरों के लिए प्रारंभ हो सके। बैठक में पूर्व मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।



**अंबाला।** अधिकारियों से विकास कार्यों को लेकर विचार विमर्श करते पूर्व मंत्री अनिल विज

---

## राहगीरी कार्यक्रम में कलाकार दिखाएंगे हुनर

- सीएम सैनी मुख्यअतिथि के तौर पर होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि रविवार को हर्बल पार्क के नजदीक आयोजित होने वाले राहगीरी कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रातः 6 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कार्यक्रम का आगाज होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि यह सामाजिक कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ आमजन की भागेदारी होगी। अधिक से अधिक लोग शामिल होकर इस कार्यक्रम की भव्यता बढाएंगे। उन्होंने बताया कि राहगिरी में नुक्कड़ नाटक, सडक़ सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, नशामुक्त जैसे विषयों पर अलग-अलग विभागों द्वारा जागरूकता फैलाने के लिए स्टॉल लगाई जाएंगी। इसमें पंचायत विभाग, पुलिस विभाग और रेडक्रॉस सोसाइटी अपनी भूमिका निभाएंगे। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा अपने स्टॉल लगाए जाएंगे और डॉक्टरों की टीम वहां मौजूद रहेगी।

---

## महिला ने जुड़वा बच्चियों को दिया जन्म दोनों के शरीर अलग पर दिल एक

- चिकित्सकों ने बच्चियों को पीजीआई किया रेफर, वहां से बिना उपचार फिर रेफर किया नागरिक अस्पताल, परेशान परिजन घर ले गए बच्चियों को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में एक महिला ने जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया है। दोनों बच्चियों का शरीर अलग है लेकिन दिल एक ही है। महिला की डिलीवरी तो नॉर्मल हुई लेकिन बच्चियों की हालत बिगड़ गई। इसी वजह से चिकित्सकों ने बच्चियों को पीजीआई रेफर कर दिया है। हालांकि पीजीआई के चिकित्सकों ने नवजात बच्चियों को वापस अंबाला कैंट सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से चिकित्सकों ने फिर पीजीआई रेफर किया। चिकित्सकों की हर हरकत से परेशान परिजन बच्चियों को अपने घर ले गए हैं। मूलरूप से बिहार के गांव समस्तीपुर का चुनचुन पत्नी शुकंतला के साथ अंबाला कैंट के हुड्डा सेक्टर-34 में किराये पर रहता है। प्रसव पीड़ा होने के चलते चुनचुन ने अपनी पत्नी शकुंतला को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां, शुकंतला के गर्भ में जुड़वां बच्चे होने की संभावना डॉक्टर ने जताई थी। जब नॉर्मल डिलीवरी हुई तो पता चला कि दोनों बच्चियों की छाती,पेट जुड़े हुए हैंलेकिन छाती से ऊपर का हिस्सा और पेट से नीचे का हिस्सा अलग-अलग है। डॉक्टरों के मुताबिक, डिलीवरी के बाद नवजात बच्चियों का अल्ट्रासाउंड कराया गया जिसमें खुलासा हुआ कि नवजात बच्चियों का शरीर अलग-अलग है, लेकिन दोनों का दिल एक है।



**अंबाला।** नवजात बच्चियों की फोटो।

---

## भाजपा नेत्री ने पौधरोपण कर मनाया वन महोत्सव

**बराड़ा।** भाजपा नेत्री सोनिया परोचा ने 75 वां वन महोत्सव मनाने के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 1950 से विश्व स्तर पर पर्यावरण दिवस मनाए जाने को 7 दशक से अधिक समय हो चुका है। इन वर्षों में मानव लालच ने पहाड़ों, जंगल, नदियों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों को अंधाधुंध नष्ट कर दिया है और मानव और प्रकृति के बीच की दूरी बढ़ा दी है। केवल चार दशकों में हमने अपनी धरती माँ को जलती भट्टी में बदल दिया है। अमृत की तरह बहती नदियों में विष घुल गए हैं। इस घटना ने मनुष्य को खुली हवा में सांस लेने में असक्षम बना दिया है। उन्होंने कहा, ₹जब हमारी आने वाली पीढ़ियों का विनाश हो रहा है, तो मनुष्य थोड़ा जागरूक हो रहा है। हम सब इस जागरूकता को बढ़ाएं। पर्यावरण दिवस, जल दिवस और पृथ्वी दिवस को केवल एक दिन तक सीमित न रखकर, इसे हर दिन मनाने का संकल्प लें।



**बराड़ा।** पौधरोपण करते हुए सोनिया परोचा।

---

काले कपड़े पहनकर सड़कों पर निकले कर्मचारी, सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारियों ने सड़कों पर निकाला रोष मार्च

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

पेंशन बहाली संघर्ष समिति की ओर से शनिवार को पुरानी पैंशन बहाली को लेकर पंचायत भवन से लघु सचिवालय तक रोष प्रदर्शन किया।इस रोष प्रदर्शन में जिले के सभी विभागों के हजारों की संख्या में कर्मचारी शामिल हुए।कर्मचारी एक सुर में पुरानी पेंशन बहाली की मांग की।राज्य प्रधान विजेंद्र धारीवाल ने कहा कि सरकार प्रदेश के 2 लाख कर्मचारियों की जायज मांग और हक को बहाल करें। रोष प्रदर्शन एक सरकार के लिए एक चेतावनी मात्र है।अगर पुरानी पेंशन नीति बहाल नहीं की जाती तो पंचकूला में 1 सितंबर को लाखों की संख्या में कर्मचारी मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे।जिला प्रधान रमेश कुमार ने बताया कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति लगातार 2018 से पुरानी पेंशन की लड़ाई लड़ रही हैं लेकिन सरकार ने अभी तक हमारी मांग को गंभीरता से नहीं लिया है।उन्होंने बताया कि जिला रोष प्रदर्शन सरकार के लिए एक ट्रेलर है। इसके बाद एक सितंबर 2024 को पूरे प्रदेश के सभी विभागों के कर्मचारी पंचकूला में मुख्यमंत्री आवास घेराव करेंगे जिसकी पूर्णता जिम्मेवारी सरकार की होगी।उन्होंने कहा कि सरकार को हमारी मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए।यह 2 लाख एनपीएस पीड़ित कर्मचारियों और उनके परिवार के भविष्य का सवाल हैं। जिला महासचिव सुदेश कुमार ने कहा कि एनपीएस के तहत 500,700,1200,2000 महीना रुपये तक की पेंशन बन रही है जो कर्मचारियों के साथ एक भद्दा मजाक है। इस पेंशन से एनपीएस पीड़ित कर्मचारियों का गुजारा नहीं कर पा रहे है ।जिला संयोजक विजय कुमार ने कहा कि सभी एनपीएस कर्मचारी अपनी मांग के लिए एकजुट है।और आने वाले विधानसभा चुनाव में सभी कर्मचारी उस पार्टी को वोट करेंगे जो पार्टी उनकी पुरानी पेंशन बहाली का वायदा करेगी।राज्य उपप्रधान कमलदीप ने कहा कि सरकार द्वारा तय कमेटी को पुरानी पेंशन बहाली के संबंध जो आंकड़े उन्होंने मांगे थे दिए जा चुके हैंलेकिन सरकार ने उन आंकड़ों को न तो समझा और न ही गंभीरता से लिया। एक साल से हमारे साथ कोई बातचीत नहीं की।सरकार को पुरानी पेंशन नीति के बहाली के प्रति गंभीरता दिखानी होगी।



**अंबाला।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन देते व एकजुट कर्मचारी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर राज्य कार्यकारणी से आनंद कंवर महिला विंग प्रभारी राज बाला कौशिक, जिला संयोजक विजय कुमार उपप्रधान सतबीर देसवाल, सोनू यादव, सतीश कुमार, तिलक सिंह, संदीप, ब्लॉक अम्बाला प्रधान हैप्पी पांचाल, ब्लॉक महासचिव दलबीर सिंह, राजकुमार, दलबीर, प्रवीण, प्रवेश, पूनम वर्मा, संतोष, शशि, उर्मिला, राजेश शर्मा, मदन लाल, प्रकाश, प्रवेश, लहरी सिंह, सहित सभी विभागों के कर्मचारी आक्रोश मार्च में शामिल रहे।

